ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

सर्वोच्च प्राथमिकता/अत्यावश्यक

पत्रांक : 42 /भा0वि0वि0/प0नि0का0/2026

दिनांक : 07 फरवरी, 2026

सेवा में,

निदेशक/समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय
लखनऊ।

विषय– सत्र 2025–26 सम सेमेस्टर शुल्क दिनांक 15.02.2026 से पूर्व जमा किये जाने के सम्बंध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत हैं कि परीक्षा एक समयबद्ध एवं प्रक्रियागत कार्य है। तत्क्रम में अधिष्ठाता शैक्षणिक ने पत्र संख्या–367/अधि0शै0/भाविवि/2026 दिनांक 17.01.2026 द्वारा सत्र 2025–26 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत समस्त पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी किया था। उक्त जारी कार्यक्रम के अनुसार बिना किसी विलम्ब शुल्क के वांछित शुल्क जमा किये जाने की अंतिम तिथि **दिनांक 15.02.2026** है।

उल्लेखनीय है कि पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा किये जाने के उपरान्त परीक्षा फार्म भराया जाना है। ध्यातव्य है कि समस्त विभागों के अभी तक मात्र 807 छात्र–छात्राओं द्वारा वांछित शुल्क जमा किया गया है। स्वतः स्पष्ट है कि अधिकतर छात्र–छात्राओं द्वारा अभी तक सेमेस्टर शुल्क जमा नहीं किया गया है जबकि दिनांक 15.02.2026 के पश्चात छात्र–छात्राओं से विलम्ब शुल्क लिया जाना नियत है।

अस्तु अनुरोध है कि अपने विभाग के छात्र–छात्राओं को विभिन्न माध्यमों से दिनांक 15.02.2026 के पूर्व वांछित शुल्क जमा किये जाने हेतु प्रेरित एवं निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि छात्र–छात्राओं को विलम्ब शुल्क न देना पड़े और तत्पश्चात् परीक्षा फार्म भराये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा।

भवदीय

07.2.2026

( विकास )
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित।

1.निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय जी के अवलोकनार्थ।
2.अधिष्ठाता शैक्षणिक को सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक